तापमान
अधिकतम 35 .3 डिग्री
न्यूनतम 27 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 जुलाई 2024

12 बंधु नगर में भव्य मंदिर का निर्माण कारीगरों का विज ने ...



12 रिहर्सल में स्कूली छात्रों ने दिखाया दम



## खबर संक्षेप

### बेकाबू होकर नहर में गिरी कार

**कुरुक्षेत्र।** झांसा के ठोल रोड पर वीरवार रात्रि एक मारुति कार बेकाबू होकर नरवाना ब्रांच नहर में जा गिरी। गनीमत रही कि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। ड्राइवर कार के शीशे को खोलकर नहर से तैर कर बाहर आ गया। हालांकि उसकी कार नहर में आगे बह गई। गोताखोर प्रगट सिंह की टीम कार की तलाश कर रही है।

### हत्या मामले में महिला सहित दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी मामचंद व अरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 9 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मामचंद व महिला ने उसके भाई पर लाठी डंडो से हमला कर मारपीट करते हुए हत्या का प्रयास करने का अपराधिक कार्य किया है। हमले में उसके भाई की मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### एसबीआई बैंक के बाहर से बाइक गायब

**बराडा।** बैंक के बाहर से बाइक चोरी हो गई। पुलिस को मिली शिकायत में गांव थम्बड़ निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह 10 जुलाई को अपनी बाइक पर सवार होकर एसबीआई बैंक में काम आया था। उसने अपनी बाइक को बैंक के बाहर खड़ा किया था। लेकिन जब वह काम निपटा कर बैंक से बाहर आया तो देखा कि बाइक वहां पर नहीं थी। पुलिस ने बाइक चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रो. उषा रानी ने संभाला विभागाध्यक्ष का पदभार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रोफेसर उषा रानी ने शुक्रवार को डीन, शिक्षा संकाय व शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर चीफ वार्डन (महिला) प्रो. कुसुम लता, आईआईएचएस विभाग की प्रिंसिपल प्रो. रीटा दलाल, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. महावीर नरवाल, शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. ज्योति खजूरिया व कुलपति के ओएसडी डॉ. पवन रोहिल्ला आदि ने डॉ. उषा रानी को शिक्षा संकाय के डीन व विभागाध्यक्ष पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में अमन निवासी गांव भठगांव जिला सोनीपत हाल निवासी मुखीजा कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक व 250 ग्राम चरस बरामद की है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि अमन पर थाना मॉडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर किया गया और अमन को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है

# पशुपालन के क्षेत्र में हरियाणा की पूरे देश में अलग पहचान : कंवर पाल

## सम्मेलन में प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण तथा पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कंवर पाल ने कहा कि हरियाणा की पशुपालन के क्षेत्र में भी पूरे देश में अलग पहचान है। राज्य सरकार की नीतियों पर उस समय मुहर लग गई जब हरियाणा को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों द्वारा प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य पुरस्कार से नवाज़ा गया।

- हरियाणा राज्य की ओर से विभाग के महानिदेशक ने पुरस्कार स्वीकार किया



यमुनानगर के जगाधरी में हरियाणा को मिले पुरस्कार के बारे में बातचीत करते कृषि मंत्री कंवरपाल।

मंत्री कंवर पाल ने बताया कि हरियाणा राज्य को नई दिल्ली में एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा प्रायोजित कृषि नेतृत्व सम्मेलन के दौरान सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा का पशुपालन एवं डेयरी विभाग अपने 2929 संस्थानों के सुव्यवस्थित नेटवर्क के माध्यम से राज्य की 71.26 लाख की पशुधन आबादी को गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य देखभाल, रोग निदान और प्रजनन सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा 70 मोबाईल पशुचिकित्सा इकाइयां भी चलाई जा रहीं हैं जो पशुपालकों को उनके घर-द्वार पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही हैं। यही नहीं इसके लिए एक टोल फ्री नंबर 1962 कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि विभाग राज्य के पशुधन के अनुवांशिक सुधार हेतु भ्रूण स्थानांतरण तकनीक इन विट्रो फर्टिलाइजेशन भी लागू कर रहा है। इसी तरह विभाग द्वारा कृत्रिम गर्भाधान तकनीक का भी प्रयोग किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभागीय योजना आईएमडीपी सीडीआईसी के तहत चिन्हित उच्च गुणवत्ता वाले पशुओं के बछड़ों का पालन-पोषण विभाग के वीर्य केन्द्र पर किया जाता है और इनके वीर्य को सम्पूर्ण प्रदेश में उपलब्ध करवाया जाता है, जिससे पशुओं का अनुवांशिक उन्नयन होता है।

कृषि मंत्री ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य पुरस्कार-2024 को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत अन्य गणमान्य प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। हरियाणा राज्य की ओर से विभाग के महानिदेशक डॉ.एलसी रंगा द्वारा यह पुरस्कार स्वीकार किया गया।

## तकनीकी दक्षता में करनाल सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड का राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार के लिए चयन

**करनाल ।** उपायुक्त एवं शुगर मिल करनाल के अध्यक्ष उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड को तकनीकी दक्षता की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है जोकि गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश की द किसान सहकारी चीनी मल्सि लिमिटेड दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार से उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन श्रेणी में जिला विल्लुपुरम, तमिलनाडु की कल्लाकुरिची, सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड को प्रथम तथा जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश की द किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड को दूसरा पुरस्कार दिया गया। रिकार्ड गन्ना पेराई श्रेणी में जिला बागपत, उत्तर प्रदेश की रमाला सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड रमाला बड़ौत को पुरस्कार प्राप्त हुआ। रिकॉर्ड गन्ना रिकवरी श्रेणी में नवलनगर, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश की नवल सिंह सहकारी चीनी फैक्ट्री लिमिटेड को पुरस्कार दिया गया। उन्होंने बताया कि डी. एस. 8 सुब्रमण्यम शिवा सहकारी चीनी मल्सि लिमिटेड। गोपालपुरम, जिला, धर्मपुरी, तमिलनाडु को सबसे बेहतरीन शुगर फैक्ट्री (शेष प्रभाग) का पुरस्कार दिया गया। चीनी मिल करनाल के प्रबंध निदेशक हितेश शर्मा ने बताया कि नेशनल कोआपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज फेडरेशन एनएफसीएसएफ द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए कुल 21 पुरस्कारों की घोषणा की गई। केंद्रीय मुख्य निदेशक (चीनी) की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा पुरस्कारों की घोषणा आज एनएफसीएसएफ के अध्यक्ष हर्षवर्धन पाटिल ने की। इस अवसर पर एनएफसीएसएफ के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवरे उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि कुल 21 पुरस्कारों में से, महाराष्ट्र ने कुल 10 पुरस्कारों के साथ पहला स्थान हासिल किया है और उत्तर प्रदेश ने चार पुरस्कारों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। गुजरात, तमिलनाडु को दो-दो पुरस्कार मिले जबकि पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश को एक-एक पुरस्कार मिला।

# पानीपत में युवा किसान की हत्या, पड़ोसी पर केस

## रात को घर से खेत जाने के लिए निकला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव गढ सरनाई में राहुल पुत्र धर्मबीर सैनी की उसके पड़ोसी ने हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया। वहीं राहुल, वीरवार की रात को खेतों में जाने के लिए घर से निकला और शुक्रवार की सुबह तक वापस नहीं लौटा। इधर, सुबह ग्रामीणों ने राहुल का शव खेत में पडे देखा। वहीं अनहोनी की आशंका के साथ परिजन भी मौके पर पहुंचे तो खेत में पडा शव राहुल का ही मिला। इधर, परिजनों को राहुल के शव के पास पड़ोसी की नई चप्पलें और उसकी बाइक के कुछ टूटे हुए टुकड़े मिले। इससे उस पर हत्या का शक हुआ। परिजन उसके घर पहुंचे तो पूरे हत्याकांड का खुलासा हो गया। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में धर्मबीर सैनी ने बताया कि उसका पुत्र 21 वर्षीय राहुल 10 जुलाई की रात को घर से खेत जाने के लिए निकला था। लेकिन सुबह तक वह वापस नहीं आया। न ही उससे फोन पर बातचीत हुई। कुछ देर बाद परिजनों को सूचना मिली कि राहुल का शव सरदारों के खेतों के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है।

- सुबह ग्रामीणों ने राहुल का शव खेत में पडा देखा, शव के पास पड़ोसी की नई चप्पलें और उसकी बाइक के कुछ टूटे हुए टुकड़े मिले

### बाइक तूड़े के भीतर छिपाई हुई मिली

सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। जहां पहुंचने के बाद देखा कि राहुल का शव सड़क किनारे पड़ा था। उसको नाक और गले पर चोट लगी हुई थी। पास में एक सिल्वर स्पलेंडर बाइक के टूटे हुए कुछ टुकड़े पड़े हुए थे। इसके अलावा मौके से गांव के ही रहने वाले विनय की चप्पलें पड़ी हुई थी। जिससे शक हुआ कि विनय ने ही राहुल की हत्या की है। वहीं, शक होने के बाद परिजन विनय के घर गए। जहां जाने के बाद उससे पूछा कि उसकी चप्पल कहां है। जिस पर उसने कहा कि घर का कोई सदस्य पहन कर गया होगा। इसके बाद उससे बाइक का पूछा। उसने कहा कि बाइक छोटा भाई स्कूल में ले गया है। परिजन स्कूल गए, तो पता लगा कि उसका भाई बाइक नहीं ले गया है। वापस विनय के घर पहुंचे। उससे सख्ती से पूछा। सभी ने बाइक तलाश की, तो वह तूड़े के भीतर छिपाई हुई मिली। दूसरी ओर, पुलिस ने विनय पर हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने सचिवालय के समक्ष मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर जिला सचिवालय के सामने मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्यों ने शुक्रवार को मांगों को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करके विरोध जताया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजा। संघ के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो 21 अगस्त को सीएम सिटी का घेराव किया जाएगा।

- मांगे पूरी नहीं पर 21 अगस्त को सीएम सिटी के घेराव की चेतावनी

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य शुक्रवार सुबह सचिवालय के समक्ष इकट्ठे हुए। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान सोमनाथ ने की। इस दौरान संघ के सदस्यों ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मंच का संचालन जिला सचिव जोत सिंह ने किया। इस अवसर पर रिटायर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में कॉम्यूटेशन की कटौती 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष की जाए। 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत, 70 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत वृद्धि की जाए व मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये मासिक किया जाए । मौके पर विनोद त्यागी, सतीश राणा, रामेश्वर यादव, यशपाल, दिलावर हुसैन, शोभन सिंह, राजवीर , सुरजीत सिंह, ज्ञान सिंह, ज्ञानचंद , सुखदेव कुमार, सोहन सिंह, भुवनेश्वर दत्त व भुवनेश्वर राणा आदि मौजूद थे।

# सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड भूजल स्तर को ऊपर लाने में सराहनीय कार्य कर रहा: अभय सिंह

## सिंचाई राज्य मंत्री ने विभिन्न गांवों में किया सरस्वती सरोवरों व घाटों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सिंचाई एवं जल संसाधन राज्यमंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा सरस्वत धरोहर विकास बोर्ड द्वारा पानी को रिर्चाज करके भूजल स्तर में सुधार करने के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे है। बोर्ड द्वारा पंचायत विभाग के माध्यम से पानी रिचार्ज के लिए जो थ्री व फाइव पोंड सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे की पानी को साफ करके सरोवरों के माध्यम से सरस्वती नदी में डाला जा रहा है, उसके माध्यम से भी इस क्षेत्र के भूजल स्तर में सुधार हो रहा है।

- बीबीपुर झील के सूखने से इस क्षेत्र में भूजल में काफी कमी



**कुरुक्षेत्र।** सरस्वती सरोवरों व घाटों का निरीक्षण करते सिंचाई राज्य मंत्री अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

सिंचाई एवं जल संसाधन राज्यमंत्री अभय सिंह यादव शुक्रवार को गांव कौलापुर, मरचेहड़ी, बिहोली आदि में बनाए गए थ्री व फाईव पौंड सिस्टम व सरस्वती सरोवरों का निरीक्षण करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले सिंचाई एवं जल संसाधन राज्यमंत्री अभय सिंह यादव, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद कौशिक, एक्सईन नवतेज, जेई शिखा ने सरस्वती के किनारे बनाए गए सरोवरों व घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड गांवों में पंचायतों के माध्यम से पंचायती जमीन पर जोहड़ खुदवाकर थ्री व फाईव पौंड सिस्टम लगवाने का कार्य निरंतर जारी रखे। बीबीपुर झील के सूखने से इस क्षेत्र में भूजल में काफी कमी है। सरस्वती सरोवरों के माध्यम से पानी को रिचार्ज करके इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर मनीष मथाना, सरपंच बलविंद्र सिंह, निर्मल सिंह सैनी, राजेंद्र सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पानीपत पुलिस ने लुटेरों से 20 लाख रुपये व कार बरामद किए

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने नांगलखेड़ी के पास कलेक्शन एजेंट से चाकू के बल पर की गई 26 लाख रुपये लूट की वारदात में गिरफ्तार आरोपी वनराज भाई उर्फ विपुल निवासी वेड पाटन व दलीप भाई निवासी पदराडा पाटन गुजरात से पुलिस रिमांड के दौरान 20 लाख रुपए व वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की। वहीं, रिमांड अवधी पूरी होने पर पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने पुलिस का पक्ष जानने के बाद आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपियों ने 25 जून को कलेशन एजेंट जयेश से जोकि गांव सिवाह बस स्टैंड से ई रिक्शा में बैठकर घर जा रहा था। आरोपियों ने नांगलखेड़ी के पास ई रिक्शा का रास्ता रोककर जयेश के साथ मारपीट की और चाकू के बल पर नगदी लूट ली। इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29ने केस दर्ज किया था।

# एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर पदों की भर्ती के लिए 15 से आवेदन लिंक होगा उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित

केयू प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों में शिक्षकों के पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 54 पदों पर शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन 54 पदों में सहायक प्रोफेसर पद के लिए 46, एसोसिएट प्रोफेसर के 4 तथा प्रोफेसर के लिए 4 पद शामिल है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के पदों के लिए योग्य अभ्यर्थी 15 जुलाई से विश्वविद्यालय की वेबसाइट केयूके डॉट एसी डॉट इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं सहायक प्रोफेसर के 46 पदों के लिए केयू वेबसाइट पर 10 जुलाई से लिंक उपलब्ध है जिसके लिए योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इन सभी पदों पर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित है।

# जेबी रिजॉर्ट की छत से लाखों की एसी की कॉपर वायर चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी के मैक्सवेल अस्पताल के नजदीक स्थित जेबी रिजॉर्ट की छत से चोर ढाई लाख रुपये की एसी की कॉपर वायर व पाइप चुरा ले गए। पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर निवासी चिराग देव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रोफेसर कॉलोनी में किराए पर रहता है। वह लक्षर होस्पिटलिटी कंपनी में जीएम है। एक मई को उन्होंने जगाधरी मैक्सवेल अस्पताल के नजदीक जेबी रिजॉर्ट तीन साल के लिए किराये पर लिया था। 10 जुलाई को वह अन्य कर्मियों के साथ रिजॉर्ट को बंद करके चला गया था। सुबह जब वे रिजॉर्ट पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि रिजॉर्ट की बिजली खराब थी। उन्होंने इलेक्ट्रीशियन को बुलाकर बिजली की जांच कराई तो पता चला कि रिजॉर्ट की छत पर एसी की कॉपर वायरिंग व पाइप काट कर चोरी किए हुए थे। जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये थे।

**शिकंजा** | जीटी रोड पर दिन भर चला ट्रैफिक पुलिस का बडे वाहन के खिलाफ अभियान

# पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर 179 वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को जीटी रोड पर लेन चेंज नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 179 वाहनों के चालान किए। वहीं, अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस द्वारा जिला में दिल्ली, चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा के पास, पट्टी कल्याणा, केसर ढ़ाबा, मनाना, पुलिस लाइन, फ्लाई ओवर, टोल प्लाजा, बाबरपुर ट्रैफिक थाना पेप्सी पुल के पास एक साथ वाहनों की चेकिंग के लिए विशेष टीमें तैनात की गई थी। जबकि बाबरपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि हाइवे पर प्राय देखने में आता है कि अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होती है। भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे है। नियमों को ना मानने की वजह से हादसें हो रहे है।



पानीपत ट्रैफिक पुलिस जीटी रोड पर लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए।

### नियमों के प्रति किया जा रहा जागरूक

इधर, उन्होंने कहा कि चालक भारी व गति प्रतिबंधित वाहनों को अपनी निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में चलाएं। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाएगा। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। दूसरी ओर, इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा बडे वाहनों के चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व पालना सुनिश्चित करवाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

# नकली इंजन ऑयल बनाने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- कई सालों से नकली ऑयल बनाकर मार्किट में बेच रहे थे

पानीपत में कैस्ट्रॉल कंपनी के नाम से नकली इंजन ऑयल बनाने के आरोप में थाना तहसील कैंप पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। कंपनी के नाम पर फर्जीवाडा कर रहे थे। कई सालों से नकली ऑयल बनाकर मार्किट में बेच रहे थे। जिस पर कंपनी के असल मार्का का प्रयोग किया जा रहा था। वहीं, कंपनी की ओर से करवाए गए सर्वे में इसका खुलासा हुआ। जिसके बाद दोनों सगे भाइयों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कॉपी राइट एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में सुभाष शर्मा ने बताया कि वह कालका जी एक्सटेंशन नई दिल्ली का रहने वाला है। वह सीथ्रीआई कन्सलटेन्ट इंडिया प्राइवेट कंपनी में बतौर ऑपरेशन मैनेजर के पद पर तैनात है। कैस्ट्रॉल कंपनी ने उनकी कंपनी को कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली तेल पकड़ने के लिए अधिकृत किया हुआ है। वहीं, पानीपत शहर की मार्केट में सर्वे करने पर पाया गया कि दो सगे भाई उमेश गर्ग व श्रीकांत निवासी देशराज कॉलोनी में एक गोदाम में बाइक में डालने वाली कैस्ट्रॉल इंजन ऑयल का उत्पादन बिना अनुमति के सस्ते दामों पर तैयार कर रहे हैं। नकली तेल को मार्किट में कैस्ट्रॉल कंपनी का असली उत्पादक बताकर बिन बिलों के धोखाधड़ी से बेच रहे हैं। जिससे कंपनी को काफी नुकसान हो रहा है। दोनों रात में माल को तैयार करते हैं। थाना तहसील कैंप पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है।

**खबर संक्षेप**

## 5 को सीएम आवास का घेराव करेंगे ऑपरेटर

**करनाल।** हरियाणा के ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटर 15 जुलाई को करनाल में सीएम आवास का घेराव करेंगे। पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटर आर्गेनाइजेशन के बैनर तले प्रदेश के लगभग पांच हजार ट्यूबवैल ऑपरेटर सीएम सिटी में अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए पहुंचेंगे। शुक्रवार को संगठन की समन्वय समिति की बैठक में इस विशाल प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

## पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा का दिया संदेश

**करनाल।** भारत विकास परिषद के डॉक्टर सूरज प्रकाश सेवा पखवाड़े के पर्यावरण प्रकल्प अंतर्गत सेक्टर-12 स्थित लिटिल स्टोरीज प्ले स्कूल में श्री राधा कृष्ण शाखा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस कार्य में 30 पौधों का रोपण किया गया। इसमें आंवला, मोरिंगा, जामुन आदि वृक्षों को लगाया गया। शाखा अध्यक्ष उमेश तनेजा व सरिता तनेजा, महिला सयोंजिका अनीता सिंह व प्रेम सिंह, उपाध्यक्ष प्रभा शर्मा, वित सचिव राकेश अरोड़ा, सुनील गहलोत, सचिव देवेंद्र रोहिला आदि माजूद रहे।

## पंचायती कृषि भूमि में 4 बिजली कनेक्शन चालू

**करनाल।** घोघड़ीपुर गांव में ग्राम पंचायत कृषि भूमि में सरपंच संगीता रानी के अथक प्रयासों से 4 ट्यूबवेल के बिजली कनेक्शन लगवाने में सफलता मिली है। इससे ग्रामीणों में बहुत खुशी है। शुक्रवार को सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने जिला प्रशासन व विद्युत निगम के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस जमीन में अबसे पहले सिंचाई साधनों की कमी थी।

## पांच आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**करनाल।** ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पांच आरोपियों चेतराम निवासी वासी हरसारू गुरूग्राम, प्रवीण, महेन्द्र निवासी कादीपूर नई दिल्ली, अनिल निवासी बणा, मेरठ यूपी और सुरेन्द्र उर्फ मामा निवासी शाहजादपूर मेरठ यूपी को थाना मुनक पुलिस टीम द्वारा माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया।

## 75वां वन महोत्सव राज्य स्तरीय समारोह आज

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि शनिवार, 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे नई अनाज के सामने, ओल्ड बादशाही नहर, सैक्टर-37 ग्राउंड, सेलिब्रेशन गार्डन के नजदीक ऑक्सीवन में 75वें वन महोत्सव राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होगा। उपायुक्त ने यह जानकारी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत दी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्य अतिथि ऑक्सीवन पार्क का उद्घाटन करके जनता को समर्पित करेंगे । इस अवसर पर मुख्यमंत्री उपस्थित जन समूह को भी अपना शुभ संदेश देंगे। इस अवसर पर इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप तथा घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

### लंबित भर्तियों के परिणाम इसी महीने घोषित कर दिए जाएंगे

# मनोहर लाल ने इंद्री मे जनसंवाद कर सुनी लोगों की समस्याएं

भाजपा सरकार ने 10 साल में कांग्रेस शासन काल से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामले तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा हरियाणा में भाजपा सरकार ने 10 साल में कांग्रेस शासन काल से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी हैं। इसी महीने लंबित भर्तियों के परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इंद्री के बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम मे लोगों की शिकायतें सुनी। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 250 लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निपटान के निर्देश दिये। अधिकांश शिकायतें पंचायत एवं विकास विभाग, बिजली, शिक्षा, सिंचाई, समाज कल्याण आदि विभाग से संबंधित थीं। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद करनाल संसदीय क्षेत्र के तीसरे हलके का यह जनसंवाद कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि उनका हर संभव प्रयास रहेगा कि हर हफ्ते एक हलके का दौरा कर जन समस्याओं का निपटारा किया जाये। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। इसी लिये देश के अन्य राज्यों के लोगों की समस्याओं को भी दूर किया जायेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौकरियों में पारदर्शिता के लिये ग्रुप सी व डी के लिये सीईटी का प्रावधान किया। सरकार को बदनाम करने के लिये छोटी सी बात को लेकर कोई भी कोर्ट में पहुंच जाता है। शायद उनकी मंशा सरकार को बदनाम करने की रही होगी। लेकिन युवा वास्तविकता को समझ चुके हैं। भाजपा शासन में करीब डेढ़ लाख से ऊपर सरकारी नौकरी दी गई। लंबित भर्तियों के परिणाम इसी महीने घोषित कर दिये जायेंगे। इस मौके पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार हलके में पहुंचने पर मनोहर लाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुये गरीबों के लिये जिन योजनाओं की शुरुआत की उनका लाभ लोगों को मिलने लगा है।


इंद्री। इंद्री में हलके के लोगो की समस्याएं सुनते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

### ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल घरौंडा में सुनेंगे समस्याएं

**करनाल।** एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय, ऊर्जा, आवासीय एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने बताया कि केंद्रीय, ऊर्जा, आवासीय एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल 13 जुलाई को प्रातः 9 बजे से लेकर 11 बजे तक बस्ताड़ा गांव में स्थित आरपीआईआईटी कॉलेज के प्रांगण में घरौंडा हलके की जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करेंगे।

## कांग्रेस ने बीजेपी सरकार के खिलाफ जारी की 15 सवालों की लिस्टः दिव्यांशु



- हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत घर-घर और जन-जन तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से प्रदेश की बीजेपी सरकार के खिलाफ 15 सवालों की एक लिस्ट जारी की गई है। इस चार्जशीट और कांग्रेस की घोषणाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' नाम से नए अभियान की शुरुआत की है। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि इस अभियान को अमलीजामा पहनाने का रोडमैप तैयार करने के लिए 14 तारीख को सोनीपत में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। 15 जुलाई से 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान विधिवत तौर पर शुरू हो जाएगा। सवाल है कि देश में सबसे ज्यादा बेरोज़गारी हरियाणा में क्यों है? बीजेपी की केंद्र सरकार ने हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य क्यों कहा? घर-घर तक कैसे पहुंचा नशा व ड्रग्स का काला साम्राज्य? देश में सर्वाधिक महंगाई हरियाणा में क्यों? भ्रष्टाचार के जनक व जनता के जी का जंजाल क्यों बने सरकारी पोर्टल व आईडी? भाजपा के 10 साल में हजारों करोड़ के 50 से ज्यादा बड़े घोटाले क्यों? भाजपा काल क्यों बना किसानों का काल? भाजपा ने दलितों और पिछड़े वर्ग की घोर उपेक्षा क्यों की? अग्निपथ और कौशल निगम के जरिए क्यों खत्म की पक्की नौकरियां? हर वर्ग पर लाठी और गोलियां क्यों बरसाई? इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को शून्य पर क्यों लेकर आई बीजेपी।

### शूटरों को हथियार उपलब्ध करवाने वाले गिरफतार

**करनाल।** औंगद में करियाना की दूकान पर फायरिंग मामले में शुटरों को हथियार उपलब्ध करवाने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना निसिंग के गांव औंगद में करियाना की दूकान पर फायरिंग मामले की जांच करते हुए सी.आई.ए. असंध की टीम द्वारा वारदात से पहले रेकी करने वाले दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया था, जिनसे पूछताछ कर वारदात को अंजाम देने वाले दोनों शुटरों को गिरफतार कर लिया था और अदालत से उनका पुलिस रिमांड हासिल किया गया था, रिमांड के दौरान आरोपीयों से पूछताछ पर सी.आई.ए. असंध की टीम ने शुटरों को हथियार उपलब्ध करवाने वाले अन्य दो आरोपीयों दिलखुश निवासी वासी डोड कारसा और राजेन्द्र निवासी कौल जिला कैथल को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में इन्चार्ज सी.आई.ए. असंध निरीक्षक मनदीप सिंह ने जानकारी दी।

## हेल्थ कैंप में 35 युवाओं ने किया रक्तदान, 80 का हुआ चैकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में आज एक रक्तदान शिविर और टीबी स्क्रीनिंग हेल्थ चेकअप, एचआईवी जांच शिविर व सीपीआर ट्रेंनिंग कैंपेन चलाया गया। सचिव जिला रेड क्रॉस कुलबीर मलिक ने बताया कि आज रेड क्रॉस भवन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बाद दोपहर 1.30 बजे तक 35 युवाओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। रेड क्रॉस भवन में ही सरकारी अस्पताल से आई टीम द्वारा टीबी स्क्रीनिंग व हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 80 व्यक्तियों के सैंपल व स्क्रीनिंग के माध्यम से जांच की गई। साथ ही 45 एचआईवी के टेस्ट भी किए गए। हरियाणा रेड क्रॉस व पब्लिक रिलेशन विभाग हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही सीपीआर ट्रेंनिंग कैंपेन के माध्यम से जिला रेडक्रॉस के फरुट एड लेक्चरार डा. नीना और राकेश कुमार द्वारा गांव बेगमपुर सरकारी स्कूल, गांव गुढा सरकारी स्कूल, गांव कोहण्ड सरकारी स्कूल, गांव अलीपुर के सरकारी स्कूल में सीपीआर ट्रेंनिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया।



करनाल। कैंप में रजिस्ट्रेशन करवाते लोग। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविरों में 46 शिकायतों का समाधान

**करनाल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नियमित रूप से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यहां लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 46 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

जिनमें से चार समस्याएं क्रिड से तथा एक समस्या सर्विस एक्सटेंशन से संबंधित थी। इसी तरह नीलोखेड़ी उपमंडल में आयु सत्यापन से संबंधित एक व बुढ़ापा पेंशन से संबंधित 21 समस्याओं का समाधान किया गया। इंद्री उपमंडल में आयु सत्यापन से संबंधित तीन समस्याओं का समाधान हुआ।

## सांसद दीपेंद्र की अगुवाई में 15 को करनाल में निकाली जाएगी पदयात्राः जोगिंद्र चौहान

- हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के अंतर्गत भाजपा सरकार से पूछे जाएंगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा कांग्रेस के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत सांसद दीपेंद्र हुड्डा की अगुवाई में 15 जुलाई को करनाल में पदयात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में रूपरेखा तैयार करने के लिए कांग्रेस सेवादल के मीटिंग प्रदेश महासचिव जोगिंद्र चौहान की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला प्रधान अनिल शर्मा ने किया। जोगिंद्र चौहान ने बताया कि पदयात्रा 15 जुलाई को दोपहर बाद तीन बजे पुरानी सब्जीमंडी से शुरू होगी। भगवान वाल्मीकि चौक, बस स्टैंड से होते हुए महात्मा गांधी चौक पर विश्राम लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के अंतर्गत भाजपा सरकार से सवाल पूछे जाएंगे। पिछले 10 सालों में प्रदेश में महंगाई, अपराध, महिलाओं पर अत्याचार और बेरोजगारी में वृद्धि हुई है। भाजपा सरकार के शासन में जनता दुखी रही है। अब समय आ गया है कि भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इस अवसर पर पूर्व ग्रामीण प्रधान मदनलाल, उपप्रधान बलजीत चौहान, ईशम सिंह चौहान, पुरुषोत्तम चौरा, सुरजीत सिंह, महामंत्री सुरेंद्र सरपंच, महासचिव हरिराम, कुलदीप सिंह, घरौंडा हलका प्रधान अंकुर शर्मा, असंध शहरी प्रधान राजेंद्र राणा, इंद्री शहरी प्रधान रामेश्वर दास आदि मौजूद रहे।


करनाल। बैठक को संबोधित करते प्रदेश महासचिव जोगिंद्र चौहान।


करनाल। मांगों से ज्ञापन संबंधित के साथ कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### बिजली कर्मचारियों में मांगें पूरी न होने से रोष

**करनाल।** ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की मेरठ रोड सब यूनिट की गेट मीटिंग उपमंडल अधिकारी मेरठ रोड के सेक्टर छह स्थित कार्यालय में हुई। अध्यक्षता सुरेंद्र प्रधान ने की व संचालन प्रदीप कुमार ने किया। राज्य उप महासचिव राजेंद्र राणा ने प्रमुख तौर पर कर्मचारियों को संबोधित किया। उप महासचिव राजेंद्र राणा, यूनिट कैशियर जोगिंद्र सिंह व प्रधान सुरेंद्र कांबोज ने कहा कि एचकेआरएन कर्मचारियों के 1500 रुपए विभाग द्वारा काट लिए गए हैं, लेकिन अभी तक कोई मेडिकल सुविधा व चिरायू कार्ड नहीं बनाए गए। न ही आज तक कोई वेतन वृद्धि हुई है। कोई रेगूलाइजेशन पॉलिसी भी नहीं बनाई गई। इन मांगों को लेकर उपमंडल अधिकारी के माध्यम से प्रबंध निदेशक बिजली विभाग को ज्ञापन भेजा गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि अगर कर्मचारियों की मांगों को जल्द लागू नहीं किया गया तो कर्मचारी 26 जुलाई को सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिला उपायुक्त कार्यालय पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, पवन कुमार, मनोज, अंग्रेज, सुंदर, राजेंद्र, सुनील, राजबीर, अशोक लाठर, वीरभान, राजेश, कुलदीप, सचिन, राजेंद्र व मुकेश आदि मौजूद रहे।

## डॉ रामपाल कुरुक्षेत्र विवि की कार्यकारी के सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की सर्वोच्च कार्यकारी परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। वह पहले भी वर्ष 2011-13 में केयूके की इस सर्वोच्च कार्यकारिणी परिषद के सदस्य रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान में वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद के भी सदस्य हैं। साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अन्य कई महत्वपूर्ण समितियों, यूनिवर्सिटी कोर्ट, इंस्पेक्शन कमेटी, यूएमसी कमेटी, चयन समिति, विषय विशेषज्ञ समिति तथा बोर्ड ऑफ़ स्टडीज के भी सम्मानित सदस्य रह चुके हैं। ज्ञात रहे कि डॉ आरपी सैनी सामाजिक कार्यों, नशा मुक्ति, बाल एवं महिला शिक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, हेल्मेट पहनो सुरक्षित चलो अभियान, पर्यावरण संरक्षण, उर्जा संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, करो योग रहो निरोग, खेल खेलों अभियानों से जुड़कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अग्रणी रुप में कार्य कर रहे हैं। इतना ही नहीं गरीब जरुरतमंद विद्यार्थियों को किताबें उपलब्ध कराना, फिस माफ करना जैसे कल्याणकारी कार्यों में उनका हमेशा योगदान रहता है। भारत के कई महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी उनके निर्देशन में शोधकार्य कर रहे हैं। वह कई युनिवर्सिटीज के सुपरवाईजर व निरीक्षक भी हैं, उनके लगभग 60 से अधिक शोध पत्र तथा 7 किताबें विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों पर प्रकाशित हो चुकी हैं। एक जाने माने प्रसिद्ध शिक्षाविद, सामाजिक वैज्ञानिक, राजनीतिक विश्लेषक, कुशल प्रशासक होने के साथ - साथ वह अच्छे लेखक भी हैं, जो पिछले 28 वर्षों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करते हुए समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।




करनाल। नगर निगम कार्यालय में बैठक लेते निगम आयुक्त अभिषेक मीणा।

### पार्कों के उचित रख-रखाव को लेकर निगमायुक्त हुए सख्त

करनाल। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा शहर के पार्कों के उचित रख-रखाव को लेकर सख्त दिखाई दिए। इसे लेकर शुक्रवार को निगम अभियंताओं के साथ हुई बैठक में उन्होंने सभी कनिष्ठ अभियंताओं की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देश दिए कि वह सम्बंधित वार्ड में मौजूद सभी पार्कों की देख-रेख सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्क की साफ-सफाई व बागवानी अपशिष्ट का समय पर उठान किया जाए। पार्कों में सिविल कार्य, झूलों व ओपन एयर जिम की मरम्मत जैसे बुनियादी कार्य करवाए जाएं। उन्होंने सभी पार्कों का दौरा कर उनमें क्या-क्या कार्य करवाए जाने हैं, उनकी सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं को एक माह का समय देते हुए कहा कि सभी पार्कों की साफ-सफाई, ठोस व बागवानी अपशिष्ट तथा सी एंड डी वेस्ट का उठान करवाया जाए, कहीं पर भी ऐसा वेस्ट दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्कों से सम्बंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता पर लेकर किया जाए, ताकि हमारे पार्क साफ-सुथरे दिखाई दें और नागरिकों को भी सुकून मिले। उन्होंने कहा कि किसी भी समय पार्कों का औचक निरीक्षण किया जा सकता है, कहीं पर भी खामी नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर निगम के अधीन 192 पार्क हैं, इनमें से 11 पार्कों की मेन्टेनेन्स नगर निगम अपने स्तर पर कर रहा है।


करनाल। नगर निगम कार्यालय में बैठक लेते निगम आयुक्त अभिषेक मीणा

### पर्यावरण सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा करनाल के पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने और छात्रों को पर्यावरण और पारिस्थितिकी को संरक्षित करने की आवश्यकता के प्रति जागरूक करने के लिए करनाल इंटरनेशनल स्कूल का दौरा किया। उनके आगमन पर चेयरमैन कर्नल अरुण दत्ता ने उनका स्वागत किया। स्कूल के अमातिर पथ लॉन में आयोजित एक प्रभावशाली समारोह में, परिषद के अध्यक्ष एस एम सिंघल और सचिव राजेश भाटिया और अन्य सभी सदस्यों को दर्शकों से परिचित कराया गया। दसवीं कक्षा के छात्र ओम समारोह के मास्टर थे, जिन्होंने न केवल आकर्षण और आत्मविश्वास के साथ मंच का संचालन किया, बल्कि पर्यावरण पर स्वलिखित कविता भी सुनाई। प्रोफेसर पायल चौधरी ने छात्रों को एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें हर किसी की देखभाल की आवश्यकता और कर्तव्य पर प्रकाश डाला गया। आईएस करनाल के अध्यक्ष कर्नल अरुण दत्ता ने परिषद के सदस्यों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव रखा। सुजाता गुप्ता पूर्व प्रिंसिपल डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन और बिजनेस मैन नवीन सहगल परियोजना निदेशक थे, जिन्होंने स्कूल को औषधीय पौधों, फलों, सजावटी फूलों के 500 पौधे उपहार में दिए। वृक्षारोपण अभियान में परिषद के अध्यक्ष एवं सचिव आर एस छिकारा, लीला छिकारा, शशि सिंघल, डॉ आर ए मित्तल, डॉ वी के चौधरी, चौहान, परिणीता कपूर, प्रोमिला मेहता, वीनू सहगल और गौरी दत्ता शामिल हुए।

### कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोहण्ड में कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. सविता कुमारी के पहुंचने पर प्रधानाचार्य सुषमा, व ब्रेकथ्रू एनजीओ की इंचार्ज निशा ने उनका स्वागत किया। डॉ. सविता कुमारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को मुफ्त कानूनी सेवाओं व शिक्षा के अधिकार से अवगत करवाया। इस अवसर पर ब्रेकथ्रू एनजीओ के सौजन्य से किशोरियों के अधिकारों से संबंधित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई व रैड क्रॉस सोसाइटी की टीम बच्चों को विभिन्न जानकारियां दीं।

### उज्जवल भविष्य के लिए प्राकृतिक खेती को जरूर अपनाएं किसान

# देश का किसान कठोर परिश्रम करने वालाः देवव्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने एसबीआई बैंक द्वारा आयोजित शहर में स्थित मंगलसेन ऑडिटोरियम में अपने संबोधन के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भावी पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए हम सब को प्राकृतिक खेती अपनानी होगी। भारत देश व हरियाणा प्रदेश का किसान कठोर परिश्रम करने वाला व्यक्ति है। दुनिया के हर व्यक्ति को दिन में तीन बार किसान की आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि किसान ही हर व्यक्ति का पेट भरने का कार्य करता है। उन्होंने किसानों को बताया कि जैविक खेती भारत की मूल खेती नहीं है। इसे छोडक़र हमसबको प्राकृतिक खेती ही अपनानी चाहिए। प्राकृतिक रूप से होने वाली पैदावार ही हम सब के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। जिस प्रकार से जंगलों में प्रकृति के माध्यम से ही सब पौधे फलते-फूलते हैं, उसी प्रकार हम सब को अपने खेत में भी सभी फसलों को प्राकृतिक रूप से उगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रासायनिक प्रयोग के कारण हमारी जमीन के सभी पोषक तत्व नष्ट होते जा रहे हैं, जो कि भविष्य के लिए बहुत ही खतरनाक हैं। रासायनिक खेती हमें शारीरिक रूप से हानि पंहुचाने के साथ-साथ वातावरण को भी दूषित करती है।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गाय के एक टन गोबर की खाद से लगभग दो किलो नाइट्रोजन बनता है। इसलिए हमें गाय की खाद को ही खेत में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने करनाल जिले में तैनात कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह की भी खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि वे कृषि विभाग तथा किसानों के लिए अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने डॉ. वजीर सिंह को स्मृति चिह्न देकर भी सम्मानित किया। इस अवसर पर एमडी शुगर मिल हितेश, प्रबंध निदेशक एसबीआई बैंक कॉर्पोरेट मुम्बई सुरेंद्र राणा, चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक एसबीआई बैंक कृष्ण शर्मा, शांतनु पिंडसे सीजीएम एसबीआई बैंक कॉर्पोरेट आदि रहे।




### फैमिली डॉक्टर नहीं, फैमिली प्राकृतिक किसान ढूंढें

आचार्य देवव्रत ने आमजन से अपील की कि वे वर्तमान युग में फैमिली डॉक्टर नहीं बल्कि प्राकृतिक किसान ढूंढें। प्राकृतिक उत्पादन के सेवन से हमारा स्वास्थ्य बेहतर रहेगा जिससे हमें डॉक्टर की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इसी मिशन के तहत ही वे पूरे भारत देश के किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती को देश भर में लाखों किसान अपना रहे हैं और वे जमीन में उत्पाद प्राकृतिक रूप से ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक रूप से उगाए जाने वाले अनाज में 45 प्रतिशत तक पोषक तत्वों की कमी पाई जा रही है, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक है। उन्होंने घटते भू -जल स्तर को लेकर भी चिंता जताते हुए किसानों को पानी के महत्व को लेकर जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने वाले पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव ब्राह्मण माजरा में दो युवकों पर तेज हथियार से हमला कर गंभीर चोट मारने मामले में आरोपियों की पहचान विकास उर्फ विक्की व सुनील उर्फ शीला निवासी गांव नैन जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना इसराना में जगबीर पुत्र कर्णसिंह निवासी ब्राहमण माजरा की शिकायत में उपरोक्त मामले में केस दर्ज है।

### दहेज हत्यारोपी पति पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने दहेज हत्या मामले में आरोपित पति राहुल निवासी गंगोइया सीतापुर हाल किरायेदार भारत नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में आकाश पुत्र अवधेश निवासी हरदोई यूपी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बहन अंकिमा की शादी वर्ष 2020 में यूपी के सीतापुर जिला के गांव गंगोईया निवासी राहुल के साथ हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल ने आंकिमा की दहेज के लिए हत्या की थी।

### श्लोक गायन में अवनि व तमन्ना प्रथम

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में संस्कृत विभाग के तत्वावधान में अंतर सदन श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अवनि और तमन्ना ने सर्वश्रेष्ठ श्लोक वाचन का खिताब जीता। वहीं, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विवेकानंद सदन, द्वितीय स्थान पर दयानंद सदन तथा तृतीय स्थान पर टैगोर सदन रहा।

### विद्यार्थियों ने स्कूल में पौधे रोपे

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव गोयला खुर्द और गोयला खेडा के राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों ने पौधे रोपे व उनकी जवान होने तक देखभाल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बापौली कृष्णा खत्री व समाजसेवी व उद्योगपति हरिओम तायल, सुरेश काबरा, महेश, प्रिंसिपल राजकिशन जैन, गौरी शंकर, अनिल सरपंच, प्रीतम रावल, डॉ.कृष्ण देव शास्त्री, हेडमास्टर मुकेश बोस, बोधराज, हरिओम डीओसी आदि उपस्थित रहे।

### आप का जन संवाद कार्यक्रम हुआ

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी ने जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव कुटानी में किया। जन संवाद कार्यक्रम में कुटानी गांव के अधिकतर लोगों ने भागीदारी की और कुटानी गांव की समस्याएं बताई। इस अवसर पर आप नेता सुखबीर सिंह मलिक, होशियार सिंह, इकबाल पानीपती, राजवीर, शाकिर अंसारी, प्यारे लाल गुप्ता, राजकुमार मुंडे, संदीप मनचंदा, अमीत नोहरा, कृष्ण लाल, दिलीप सिंह, धर्मवीर सिंह, दिलावर सिंह, बालकिशन, कुलदीप सिंह, बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में अमन निवासी गांव भठगांव जिला सोनीपत हाल निवासी मुखीजा कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक व 250 ग्राम चरस बरामद की है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि अमन पर थाना मॉडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर किया गया और अमन को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### एसडीओ को धमकी दी, केस दर्ज

**इसराना।** गांव काकोदा में चल रहे गली निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी प्रोप्राइटर अनिल हुड्डा पर निर्धारित मापदण्ड की टाइल नहीं लगाने व सैंपल फैल होने पर एसडीओ पंचायती राज सत्यप्रकाश मलिक को फोन पर व्हाट्सएप मैसज के माध्यम से धमकी दी।

---

### एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत 50 पौधे लगाए गए

# आइओसीएल टीम ने काला अंब पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- स्वच्छता बनाए रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी



पानीपत। आइओसीएल के अधिकारीगण, डस्टबीन बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा स्वच्छता पखवाड़े स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के तहत उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत टीम ने पानीपत की ऐतिहासिक स्थली काला अंब पर स्वच्छता अभियान चलाया। एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत 50 पौधे लगाए गए। उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत के मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन शरद अग्रवाल ने शुक्रवार को वार मेमोरियल पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि वार मेमोरियल पानीपत, वीरों की धरती है और शहादत की इस धरती पर स्वच्छता श्रमदान करके वे बहुत गौरवानवीत महसूस कर रहे हैं। सभी को ऐसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल और सार्वजनिक स्थलों को साफ सुथरा रखना चाहिए। स्वच्छता बनाए रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। जहां पर साफ सफाई होती है वहां पर भगवान वास करते हैं और वहां के लोग हमेशा स्वस्थ रहते हैं। शहीदों के सम्मान में एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वार मेमोरियल के पूरे परिसर में साफ सफाई की गई। इस अवसर पर टीम द्वारा 50 पौधे लगाए गए और सम्मान ऑफ स्वच्छता हीरो मिशन के तहत सभी स्वच्छता कर्मचारियों को स्वच्छता किट वितरित की गई। सफाई बनाए रखने के लिए वार मेमोरियल परिसर में चार कुड़ादान रखवाए गए ताकि लोग कचरा कुड़ादान में डालें।

## बरसाती मौसम में पर्यावरण को घना करने में जुटे ग्रीनमैन दलजीत



**पानीपत।** ग्रीनमैन प्रो .दलजीत, बुजुर्ग महिलाओं को पौधे भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

- एक पौधा बुजुर्गों के नाम मुहिम के तहत 96 वर्षीय शकुंतला ने रोपे पौधे

**पानीपत।** बरसात के मौसम में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार पर्यावरण को घना करने में जुटे हुए है। वहीं प्रो.दलजीत ने बताया कि एक पौधा बुजुर्गों के नाम मुहिम के अंतर्गत 96 वर्षीय बुजुर्ग शकुंतला देवी के हाथों प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान केंद्र एल्डिको में आम का पौधा रोपित करवाया गया। एल्डिको प्रजापिता ब्रह्माकुमारी केंद्र प्रमुख बीके सुनीता ने कहा एक पौधा बुजुर्गों के नाम मुहिम के अंतर्गत बुजुर्गों के हाथों पौधा रोपित करवाना ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा पूण्य का काम किया जा रहा है । बीके सुनीता ने इस आम के पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी उठाई। इस अवसर पर बुजुर्ग शकुंतला देवी ने कहा कि मैं कई बार दीदी सुनीता से आम का पौधा लगाने की बात कह रही थी वहीं, दलजीत कुमार ने मेरे हाथों आम का पौधा लगवाकर मेरी इच्छा पूरी कर दी। इधर, प्रो. दलजीत कुमार ने कहा कि एक पौधा बुजुर्गों के नाम अभियान बड़े पैमाने पर लगातार जारी रहेगा। इससे जहां पर्यावरण बचाने में सहयोग मिलेगा, वहीं पौधों के प्रति अपनेपन की अनुभूति होगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग पौधारोपण करेंगे और साथ ही अधिक से अधिक पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे। इस दौरान सुरेश मिगलानी, नीलम, गुणवती माता, सीमा, सुशीला, शर्मिष्ठा, सुदेश अनामिका, प्रभास सिंह, रूपकोर माता आदि मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान कैंप आयोजित किया

**पानीपत।** पानीपत जिला रैडक्रास सोसाइटी द्वारा रैडक्रास सोसाइटी हरियाणा के महासचिव डा.मुकेश अग्रवाल के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय परिसर में किया गया। कैंप में बतौर मुख्य अतिथि डा.पंकज कुमार अतिरिक्त उपायुक्त ने शिरक्त की और रैडक्रास बैज लगाकर रक्तदानियां को हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर सचिव रैडक्रास गौरव राम करण, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द, बीटीओ डा.पूजा सिंघल आदि मौजूद रहे।

## आधुनिक शिक्षा कंप्यूटर शिक्षा के बिना अधूरीः डा. सुषमा शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** उदयन केयर आईटी सेंटर की संयोजिका डॉक्टर सुषमा शर्मा के समर्पित प्रयासों से विद्यालय सत्र के प्रारंभ में ही एक शैक्षणिक सत्र का आयोजन कुरुक्षेत्र के सबसे बड़े राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर के प्रधानाचार्य अश्वनी कौशिक व कॉमर्स प्राध्यापिका डिंपल के सहयोग से ही इस सत्र का आयोजन संभव हो सका। इस सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य रँ अश्विनी कौशिक जी नेअहम भूमिका निभाई। इस दौरान ऐपीसी पूजा ने उदयन शालिनी फैलोशिप कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शालिनी फैलोशिप कार्यक्रम की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

# थर्मल के गेट पर बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत थर्मल पावर स्टेशन के गेट पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशनज वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस हिसार संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने पानीपत थर्मल के गेट पर शुक्रवार की सुबह दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान अरुण तंवर ने की वह मंच संचालन सचिव दीवान यादव ने किया। प्रधान अरुण तंवर ने कहा कि आज कर्मचारियों से जुडी अति गंभीर मांगों का ज्ञापन मुख्य अभियंता के माध्यम से प्रबंधक के नाम सौंपा गया। वरिष्ठ उप प्रधान सतीश पांचाल ने बताया कि पूरे प्रदेश के सभी विभागों के सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के द्वारा काफी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष व प्रदर्शन किए जा रहे क हैं पर इस तानाशाह सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लगातार अनदेखा करते हुए अपनी मनमानी कर रही है। राज्य सचिव मनीष मालिक व सर्किल सचिव अमरीश त्यागी ने भी अपने विचार रखे। विरोध प्रदर्शन में केहर सिंह, विकास, प्रदीप कुमार, जयभगवान, वतन कुमार, दर्शन कुमार, राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

# हरियाणा में बनेगी इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार

- बसपा ने हमेशा पिछड़ों की व इनेलो ने किसान व कमेरे वर्ग की लड़ाई लड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** इनेलो बसपा गठबंधन की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाते दोनों पार्टियों के नेतागण। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में इनेलो व बसपा का गठबंधन होने पर दोनों पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिसे मनाने व जाहिर करने के लिए आज गांव काबड़ी स्थित पार्टी कार्यालय में दोनों पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए तथा एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर बधाई दी। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इनेलो व्यापार सैल के जिलाध्यक्ष एवं हरियाणा-यूपी एकता मंच के संयोजक रणबीर देशवाल ने कहा कि इनेलो व बसपा का गठबंधन दलो का मिलन नहीं बल्कि दिलों का मिलन है। इससे उत्साहित दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता पूरी मेहनत से चुनावों में पार्टी की जीत के लिए काम करेंगे। रणबीर देशवाल ने कहा कि प्रदेश की जनता को भाजपा के कुशासन से छुटकारा दिलाने के लिए इनेलो ने बसपा के साथ गठबंधन किया है। आने वाला समय इनेलो-बसपा गठबंधन का है। हरियाणा में गठबंधन की सरकार व इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला का मुख्यमंत्री बनना तय है। वहीं बसपा के जिलाध्यक्ष फूल कुमार ने कहा कि बसपा ने हमेशा पिछड़ों की व इनेलो ने किसान व कमेरे वर्ग की लड़ाई लड़ी है। इस बात का प्रदेश की जनता भली भांति जानती है इसलिए इस बार हरियाणा की जनता प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने गठबंधन के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग जाएं तथा जनता को गठबंधन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं। बसपा प्रदेश सचिव स.सुमेर सिंह ने कहा कि इनेलो व बसपा गठबंधन को प्रदेश की जनता का पूरा प्यार मिल रहा है। जैसे ही जनता को हरियाणा में इनेलो व बसपा के गठबंधन का समाचार मिला तो जनता को भाजपा का विकल्प प्रदेश में मिल गया। प्रदेश वासी भाजपा की सरकार से परेशान आ चुके हैं। कोई भी ऐसा वर्ग नहीं है तो मौजूदा भाजपा सरकार के शासनकाल में परेशान ना हो। खासकर गरीब व मध्यम वर्ग का तो जीना मुहाल हो गया। अब प्रदेशवासी भाजपा को बाहर का व इनेलो-बसपा गठबंधन को सत्ता का रास्ता दिखाने को तैयार है। इस अवसर पर इनेलो जिला प्रधान हेमराज जागलान, जिला उप प्रधान सितमपाल सिंह राठी, एससी सैल जिला प्रधान कपिल काबड़ी, प्रदेश सचिव स.सुमेर सिंह, जिला सचिव रमेश कुमार अम्बेडकर, गुरू रविदास आश्रम के प्रधान पवन कटारिया व सतबीर चंदौली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




**पानीपत।** दयाल सिंह स्कूल में बैस्टिल डे बनाते हुए विद्यार्थी व टीचर्स। फोटो :हरिभूमि

## दयाल सिंह स्कूल में बैस्टिल डे मनाया गया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में बैस्टिल डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने किया। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से नौवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फ्रांस की संस्कृति को दर्शाना रहा। कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों ने फ्रांस की वेशभूषा में रैम्प शो किया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने फ्रांस की प्रसिद्ध इमारतों के विभिन्न मॉडल बनाए। कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने फ्रांस के स्वादिष्ट व्यंजन बनाएं। कक्षा आठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों ने पीपीटी के द्वारा फ्रांसीसी क्रांति एवं फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस के विषय में जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ.विनीता तोमर ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका डॉ.नीलम वत्स, अनीषा उप्पल और प्रियंका कौशिक मौजूद रही।

# सांसद ने समाधान शिविर में पानीपत प्रशासन की कार्यप्रणाली जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



फोटो—12 पीएनपी 8पी—समाधान शिविर को संबोधित करते हुए सांसद कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित किये गए समाधान शिविर में पहुंच पानीपत प्रशासन की कार्यप्रणाली जांची। वहीं सांसद पंवार ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में शिविर में पहुंची समस्याओं के तुरंत निदान की प्रशंसा की। इधर, सांसद पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की यह दुगामी सोच है। जिसके सार्थक परिणाम हम सबके सामने है। जो नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर परेशान रहते थे उन समस्याओं का समाधान मिनटों में समाधान शिविरों मे हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा वह यूनिक है व जनता भी इन समाधान शिविरों में पहुंच कर खुशी का अनुभव कर रही है। सांसद पंवार ने कहा कि समाधान शिविरों में लोगों की फैमली आईडी, आधारकार्ड, पैंशन व अन्य रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ये शिविर उन लोगों के लिए सार्थक साबित हो रहे है जो अपनी समस्याओं को लेकर निराश थे। शिविरों में हो रही तीव्रता से कार्यो से अब वे खुश है व उनका सरकार के प्रति विश्वास व भरोसा बढ़ा है।

# आज के आधुनिक जमाने में अंग्रेजी की महत्ता को समझें : परूथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पीसीसी एकेडमी के निर्देश राजीव परूथी व शिल्पा परूथी, मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

पीसीसी एकेडमी के कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चों के अंदर आत्म विश्वास की भावना में वृद्धि होती है एवं मंच का डर भी खत्म होता है। उन्होंने दावा किया कि जीवन में मंच का डर खत्म हो जाए और अंग्रेजी भाषा बोलनी आ जाए तो आप हर परिस्थितियों से लड़ सकते हैं। वहीं शिल्पा परुथी ने कहा कि एकेडमी में ज्यादातर महिलाओं एवं लड़कियों की संख्या है। मंच पर इन्हें देखकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है कि यह है बेटियां जीवन में कभी भी मार नहीं खाएंगी क्योंकि बेटियां दो घर को रोशन करती हैं। वहीं, कशिश, समीक्षा, श्रेया, युवराज, अंजलि, अतुल, सुरेखा व दिशा आदि ने मनसंचालन बेहतरीन तरीके से किया एवं प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं युवराज ने मिस्टर पीसीसी व श्रेया ने मिस पीसीसी का खिताब हासिल किया। प्रिंस, सुमित, मुस्कान, पलक, काजल व दक्ष समेत बडी संख्या में विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

## समाधान कैंप के प्रति बढ़ा जनविश्वास

**इसराना।** इसराना सब डिवीजन में शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस गांव इसराना में आयोजित किए गए समाधान शिविर में एसडीएम ज्योति मित्तल ने कहा कि नागरिकों की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान निश्चित रूप से होगा। वहीं समाधान शिविर के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। शिविर में 14 समस्याएं आई, जिन का एसडीएम ज्योति ने संबंधी विभाग को समाधान करने के निर्देश दिए।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**विनोद कुमार पुत्र श्री रामलुभाया पुत्र श्री कर्म चन्द निवासी मकान नंबर 547, वार्ड नंबर 3, इंसार बाजार, पानीपत**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विनोद कुमार पुत्र श्री रामलुभाया पुत्र श्री कर्म चन्द निवासी मकान नंबर 547, वार्ड नंबर 3, इंसार बाजार, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री रामलुभाया पुत्र श्री कर्म चन्द का दिनांक 18.08.1993 को स्वर्गवास हो चुका है व प्रार्थी की माता श्रीमती कृष्णवती धर्मपत्नी श्री राम लुभाया का दिनांक 12.05.2023 को स्वर्गवास हो चुका है। मृतक स्वर्गीय श्री रामलुभाया के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस हैः- 1. सुदेश कुमारी पुत्री 2. सुभाष चन्द्र पुगला 3. अशोक कुमार पुत्र 4. सुनील कुमार पुत्र 5. विनोद कुमार पुत्र है। श्रीमती मिनाक्षी नारंग पार्षद व सुभाष पटवारी हलका द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 09-07-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

### भाजपा जिला महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन

# नारी हित में भाजपा ने सदैव कल्याणकारी कार्य किए

- पूर्व पार्षद आशु नंदा ने सभी का स्वागत किया और सोनिया गाबा ने आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

भाजपा जिला महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा ने की। जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। पूर्व पार्षद आशु नंदा ने सभी का स्वागत किया और सोनिया गाबा ने आभार व्यक्त किया। बैठक में सभी ने संकल्प लिया कि वे सभी हर बूथ पर पांच-पांच महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ेंगी। वहीं रेनू धीमान और पिंकी वर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। इधर, मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि केंद्र की तर्ज पर हरियाणा में भी लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोड़ना चाहिए। नारी हित में भाजपा ने सदैव कल्याणकारी कार्य किए। हरियाणा की आधी आबादी महिलाओं की है, इसके चलते महिला मोर्चा की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। महिला नेत्रियों व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए धरातल पर कार्य करना चाहिए।

## बिजली कर्मियों ने ज्ञापन सौंपे

**समालखा।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सब यूनिट समालखा, बिहोली, बापौली और सब यूनिट छाजपुर के कर्मचारियों ने राज्य कमेटी के आह्वान पर गेट मीटिंग करते हुए उपमंडल अधिकारियों के माध्यम से बिजली निगमों के चारों प्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर यूनियन के नेता सोमपाल रावल, विनोद कुमार, कपिल रावल, जोगिंद्र, अमित, राजेश छौक्कर, कपूरचंद, प्रवीन छौक्कर, सुरेन्द्र, विकास मलिक, प्रदीप, बलराज, विपिन, रोबिन, नरेश, बलिन्द्र व रेनु आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को पौधे बांटे

**पानीपत।** विश्व भारती विद्या निकेतन, देशराज कॉलोनी में शुक्रवार को स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से विद्यार्थियों को पौधे वितरण का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनके देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के नितिन नागपाल, जितेंद्र गुप्ता, गुलशन बत्रा, सौरभ पोपली और विद्यालय के प्रबंधक अवनीश कुमार मौजूद रहे।

## आंदोलन करेगी कांग्रेस

**पानीपत।** कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार ने कहा कि पानीपत की बाहरी कालोनियों में निवास कर रही जनता को मूलभूत सुविधाएं मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। वहीं जनता को सुविधा दिलवाने के लिए कांग्रेस के बैनर तले भी आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर ईश्वर पूनिया, बलजीत सैनी, सतनारायण शर्मा, अरविंद पाल, ओम प्रकाश रामना, सुधीर शर्मा, शमशेर वाल्मीकि, बलराज वाल्मीकि, ईश्वर, मालू सेन, विनोद कश्यप, सूबेदार जीत प्रजापत, चंद्र श्याम शर्मा, सुभाष गोयल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मनुमाजरा से लड़की लापता

**बराड़ा।** गांव मनुमाजरा से एक लडक़ी के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मनुमाजरा के मगां राम ने बताया कि वह पिछले 27 सालों से गांव फोक्सा और अलावलपुर में चौकीदारी की नौकरी करता है। उसके पास चार बच्चे हैं। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसकी बेटी जन्नत 9वीं कक्षा तक पढ़ी है। 10 जुलाई को जन्नत सुबह करीब 8:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है।

### प्लास्टिक डे का हुआ आयोजन

**बराड़ा।** डीएवी स्कूल में प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से तथा वातावरण को स्वस्थ बनाने के लिए नो प्लास्टिक डे आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 4 से कक्षा 10 वीं तक के बच्चों ने पेपर बैग, जूट बैग, क्लॉथ बैग व अन्य प्रकार के बैग बनाए और उनके ऊपर बहुत सुंदर पेंटिंग्स की। बच्चों ने प्लास्टिक से होने वाली हानियों को समझा। कक्षाओं में बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को बताया गया। कक्षा 8 से 10 तक के बच्चों ने कपड़े के बहुत सुंदर वॉटर बॉटल, टिफिन कवर बनाएं।

### वैदिक मंत्र उच्चारण प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस वैदिक मंत्र उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में कक्षा नौवीं व दसवीं तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बहुत सी सुंदर तरीके से न सिर्फ मंत्रों का उच्चारण किया बल्कि उन का भावार्थ तथा उनका शरीर, मन तथा आत्मा पर पड़ने वाले प्रभाव की भी व्याख्या की।

### धमकी देने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी शुभम उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। गांव गगनहेड़ी के मोहित कुमार ने 26 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी शुभम उर्फ काला व अन्य ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### मारपीट के मामले में तीन शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी रकम सिंह, सतपाल सिंह व रामपाल को शामिल जांच किया है। गांव कलेरां के राजन कुमार ने 21 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### खनन के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज अवैध खनन के मामले में पुलिस ने आरोपी जरनैल सिंह को शामिल जांच कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। भू-विभाग अधिकारी ने 13 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी जरनैल सिंह ने अवैध खनन करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## योजनाओं पर श्वेत पत्र जारी करें मंत्री

# अधूरे विकास को लेकर मंत्री असीम गोयल पर कांग्रेस का तीखा वार

**प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष जैन बोले विकास के नाम पर जनता के खून पसीने की कमाई दोनों हाथों से लूटी, हर प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन व अन्य।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने राज्य के परिवहन मंत्री असीम गोयल पर अंबाला शहर विधानसभा के विकास को ले कर बड़ा हमला किया1 इसके साथ ही उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ० उनकी पत्नी मेयर शक्ति रानी शर्मा को भी आड़े हाथों लिया। जैन ने कहा कि पिछले दस साल में परिवहन मंत्री असीम गोयल ने विधानसभा की बजाय खुद का विकास किया है।

शहर की लंबित पड़ी बड़ी योजनाओं को लेकर उन्होंने मंत्री असीम गोयल से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा की हर योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। जैन शुक्रवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। साथ ही चौक चौराहों के निर्माण में बड़े स्तर पर हुए हर भ्रष्टाचार की जैन ने सत्ता में आने पर उच्चस्तरीय जांच करवाने की भी बात कही है। जैन ने बताया की ऐतिहासिक नौरंगराय तालाब मंत्री असीम गोयल की कारगुजारियों की वजह से अपनी व्यथा पर आंसू बहा रहा है।

असीम ने मुख्यमंत्री घोषणा के जरिए इस तालाब के सौंदर्यीकरण का दावा किया था। योजना पर अब तक 19.27 करोड़ रूपये खर्च हो चुके हैं लेकिन यह अभी तक यह सिरे नहीं चढ़ पायी। जैन ने कहा की कभी महावीर पार्क महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों के लिए पिकनिक स्पॉट होता था1 पर अब यह पार्क एक जोहड़ के रूप में विकसित हो कर रह गया है। विधायक ने मुख्यमंत्री घोषणा के जरिए 28-मई-2016 को 18.48 करोड़ की लागत से इसके सौंदर्यकरा की बात कही थी। यह योजना दस साल बाद अधर में लटकी है। उन्होंने कहा कि मंत्री ने अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल को अपग्रेड कर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। तब इस योजना पर 22-नवंबर-2015 को 64 करोड़ रूपये का बजट तय हुआ था। काम शुरू होने के बावजूद नागरिक अस्पताल का नया भवन पूरा होने का इंतज़ार कर रहा है। लघु सचिवालय को पुराना सेशन कोर्ट के पास शिफ्ट करने का एलान 28-मई-2016 को किया था। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने 78.94 करोड़ रूपये के फंड को मंजूरी दी थी। हैरत की बात है की करीब 24 करोड़ रूपये खर्च होने के बावजूद लघु सचिवालय की योजना जमीन के उपर नहीं आ पाई। भाजपा के जिलाध्यक्ष के गांव लखनौर साहिब में माता गुजरी के नाम पर वेटेनरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण का एलान किया था। इसके लिए राज्य सरकार की और से 12-फ़रवरी-2017 14.30 करोड़ के फण्ड को भी मंजूरी दी थी।

मज़े की बात है की वेटेनरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण के नाम पर यहाँ केवल अभी तक शिलापट्ट लगा हुआ है। कालका चौक पर भगवान वामन का द्वार भी अधूरा पड़ा है। यहां निर्माण के नाम पर केवल पिलर ही बन पाए हैं। अग्रसेन चौक के पास अंबाला हिसार हाईवे का फ्लाईओवर भी निर्माण का इंतज़ार कर रहा है। राजीव गांधी स्टेडियम में स्वीमिंग पूल का निर्माण अधर में लटका हुआ है। करीब 4 करोड़ खर्च होने के बावजूद इसका निर्माण 40 फीसदी बचा है। जैन ने बताया की इन योजनाओं के आलावा गवर्मेंट कॉलेज फॉर वुमेन, जिम खाना क्लब का निर्माण भी अधूरा पड़ा है। नगर निगम ऑफिस की जमीन पर ऑडिटोरियम, मार्किट ० मल्टीलेवल पार्किंग की घोषणा 26-सितम्बर-2018 को की थी 1 इसके लिए 50 करोड़ रूपये का बजट भी तय किया गया था ! इसी तरह के सामने बस स्टैंड के सामने कपडा मार्किट, महावीर पार्क में आने वाले वाहनों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग की घोषणा 26-सितम्बर-2018 को की गयी थी। जिसके लिए 13.20 करोड़ का बजट मंजूर हुआ था1 जैन ने पूर्व मंत्री विनोद शर्मा ० मेयर शक्ति रानी शर्मा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा की प्रत्यक्ष तौर पर शर्मा दंपति भाजपा के साथ मिल कर जनता को मुर्ख बनाने का प्रयास कर रहे हैं। शर्मा 15 साल से आईएमटी का राग अलाप रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तरुण चुघ, अशोक बरतिया, कुलदीप गुल्लू, सुरजीत सिंह पंजोखड़ा, सूरज रश्मि शर्मा, , सचिन पुनिया, संजय राठी, किरण पाल राणा, जितेंद्र पाल सोढ़ी, अशीष टक्कर, रुप चंद, राजविंदर कौर, व संजीव फौजी मोजूद थे।



**अंबाला।** मंदिर का निर्माण करने वाले कारीगरों को नमन करते पूर्व मंत्री अनिल विज।

## बंधु नगर में भव्य मंदिर का निर्माण कारीगरों का विज ने किया सम्मान

- कहा सबसे बेहतरीन कृति तभी कोई कलाकार बना पाता है जब वह परमात्मा में पूरी तरह लीन हो जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अनेकों कारीगर, लेखक, गायक व कवि है मगर इनमें से सबसे बेहतरीन कृति तभी कोई कलाकार बना पाता है जब वो परमात्मा में पूरी तरह लीन हो जाता है। जब वह परमात्मा में लीन हो जाता है तो सबसे बेहतरीन कृति उसी समय बनती है। विज देर शाम छावनी की बंधु नगर कॉलोनी में करूमारी अम्मन शीतला माता मंदिर के गुम्मत के महाकुम्भ अभिषेक व महायज्ञ तथा श्री गणेश और कार्तिक महाराज की मूर्ति स्थापना समारोह में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भव्य मंदिर निर्माण के लिए कॉलोनी वासियों को बधाई दी और मंदिर निर्माण करने वाले कारीगरों से पांव छूकर उन्हें सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि यह परमात्मा की रचना है कि वह बंधु नगर कॉलोनी के पड़ोस में रहते हैं। उन्होंने कहा बंधु नगर के लोगों ने सुंदर और विशाल मंदिर का निर्माण कर कॉलोनी को प्रदेश के नक्शे पर ला दिया है। उनका मन करता है कि इस भव्य मंदिर को वह लगातार देखते रहे। उन्होंने कहा जिन कारीगरों ने यह मंदिर बनाया है वह उनके चरण छूते हैं। यह कमाल बिना परमात्मा की विशेष कृपा के बिना नहीं किया जा सकता। यह कार्य हमें अच्छे रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलती है। विज ने कहा कि यदि यह धर्म न होता तो हमारा देश, हमारी संस्कृति न होती, यह हमारे धर्म पर ही आधारित है। देवी देवताओं, महर्षि-माताओं द्वारा जो रास्ते दिखाए गए है वो धर्म के रास्ते हैं। उसपर चलकर ही मनुष्य के जीवन की सिद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि धर्म तीन शब्दों का संगम है, यानि ध से धारण, र से रास्ता और म से मुक्ति मोक्ष हासिल करना है। उन्होंने कहा मंदिर निर्माण कर कॉलोनीवासियों ने जो कार्य किया है उसके लिए उनके पास शब्द नहीं है। समाज के लिए बंधु नगर वासियों ने बहुत बड़ा कार्य किया है। र वह सभी का मंदिर निर्माण के लिए धन्यवाद और चरण वंदना करना चाहते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा नेता ललता प्रसाद, विपिन खन्ना, दीपक कौशिक, सुनील नदरिया के अलावा कुरुमारी अम्मन धर्मशाला समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## मौलिक शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण खुद मिड डे मील खाकर किया चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** स्कूल में कबड्डी खेलते बच्चों को देखते डीईईओ सुधीर कालड़ा।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोह, राजकीय उच्च विद्यालय टूंडला एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला नडियाली का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन विद्यालयों में मिड डे मील, शौचालय, पुस्तकालय एवं खेलकूद की गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर भी चेक किया और विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों के साथ हाजिरी का मिलान किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोह में उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों की मीटिंग ली और बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के लिए आह्वान किया। बच्चों में पठन-पाठन की रुचि उत्पन्न करने के लिए उन्होंने पुस्तकालय इंचार्ज को उचित दिशानिर्देश दिए। राजकीय उच्च विद्यालय टूंडला में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने मिड डे मील के राशन के भंडारण व्यवस्था को देखा तथा विद्यालय में रखें दूध के पैकेट की एक्सपायरी डेट चेक की । यहां उन्होंने पुस्तकालय में रखी गई पुस्तकों का ज्यादा उपयोग करने की सलाह दी। इसी विद्यालय में रीडिंग रूम में लगे करियर चार्ट के सकारात्मक उपयोग की भी सराहना की।

## कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ जारी की 15 सवालों की चार्जशीट

- सांसद वरूण चौधरी ने कहा कि 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत घर-घर और जन-जन तक पार्टी कार्यकर्ता पहुंचाएंगे चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना



सांसद वरुण चौधरी।

लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से प्रदेश की बीजेपी सरकार के खिलाफ 15 सवालों की चार्जशीट जारी की गई है। इस चार्जशीट और कांग्रेस की घोषणाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' नाम से नए अभियान की शुरुआत की है। चौधरी ने कहा कि अब तक कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा, विपक्ष आपके समक्ष, घर-घर कांग्रेस, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान, जनमिलन समारोह और धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन समेत जितने भी कार्यक्रम किए हैं उन सभी को जनता का जबरदस्त समर्थन हासिल हुआ है। इसी कड़ी में अब 'हरियाणा मांगे हिसाब' एक नई शुरुआत है। इसके जरिए न सिर्फ बीजेपी की विफलताओं और कांग्रेस की घोषणाओं को जनता तक पहुंचाना है बल्कि पार्टी के मेनिफेस्टो के लिए जनता से सुझावों को भी एकत्र करना है। इस अभियान को अमलीजामा पहनाने का रोडमैप तैयार करने के लिए 14 तारीख को सोनीपत में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। 15 जुलाई से 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान विधिवत तौर पर शुरू हो जाएगा।

उन्होंने पत्रकारों के साथ चार्जशीट सांझा करते हुए बताया कि इसमें कांग्रेस ने बीजेपी से अलग-अलग मुद्दों पर 15 सवाल पूछे हैं। इन सवालों से साथ पार्टी ने वो तथ्य भी जोड़े हैं जिनके आधार पर इस सरकार पर ये सवाल उठ रहे हैं। सवाल है कि देश में सबसे ज्यादा बेरोज़गारी हरियाणा में क्यों है? बीजेपी की केंद्र सरकार ने हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य क्यों कहा? घर-घर तक कैसे पहुंचा नशा व ड्रग्स का काला साम्राज्य? देश में सर्वाधिक महंगाई हरियाणा में क्यों? भ्रष्टाचार के जनक व जनता के जी का जंजाल क्यों बने सरकारी पोर्टल व आईडी? भाजपा के 10 साल में हजारों करोड़ के 50 से ज्यादा बड़े घोटाले क्यों? भाजपा काल क्यों बना किसानों का काल? भाजपा ने दलितों और पिछड़े वर्ग की घोर उपेक्षा क्यों की? अग्निपथ और कौशल निगम के जरिए क्यों खत्म की पक्की नौकरियां? हर वर्ग पर लाठी और गोलियां क्यों बरसाई? इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को शून्य पर क्यों लेकर आई बीजेपी? बीजेपी ने 2014 और 2019 की चुनावी घोषणाएं क्यों पूरी नहीं की? बीजेपी ने स्वास्थ्य सेवाओं का दिवालिया क्यों पीटा? बीजेपी ने प्रदेश के शिक्षा तंत्र को बर्बाद क्यों किया? बीजेपी ने देश की सबसे विकसित अर्थव्यवस्था को क्यों चौपट किया? चौधरी ने कहा कि बीजेपी ने प्रदेश को पिछले करीब दस सालों से विकास के मामले में पीछे धकलने का काम किया है।

## शिविर में 33 शिकायतों पर कार्रवाई, 12 शिकायतें कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को भेजी

- डीसी ने अपने ऑफिस में लोगों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते डीसी डॉ.शालीन व अन्य।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने के उदेश्य से जिले मे जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस मे सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किए जा रहे है तथा समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाता है। समाधान शिविर जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण करने की दिशा में एक अनूठा एवं सार्थक कदम उठाया है। उपायुक्त शुक्रवार को डीसी कोर्ट रूम में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सून रहे थे। जिसकी सराहना समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के निदान उपरांत लोगों के द्वारा की जा रही है। बता दें कि शुक्रवार को जिले के समाधान शिविर मे कुल 45 शिकायतें आई जिनमें से 33 शिकायतों का तत्काल निदान कर दिया गया और शेष 12 शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को समाधान के लिए भेजा गया है। अधिकारियों को पहले से ही निर्देश दिए है कि वह समाधान शिविर मे लोगों की शिकायतों/समस्याओं को गम्भीरता से ले और उनका समाधान तय समय मे समयबद्ध होकर करवाना सुनिश्चत करें। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति अपनी शिकायत या समस्या लेकर कार्यालय में जाता है तो अधिकारी उसकी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। शिविर में मोखा माजरा से आए राजेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी प्रोपर्टी आईडी में उसके नाम व पिता के नाम की त्रुटि थी। उपायुक्त के समक्ष शिकायत रखने के बाद इस समस्या का निदान करने बारे मार्क की गई। मौके पर मौजूद नगर निगम के कर्मचारियों ने शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया।

## रिहर्सल में स्कूली छात्रों ने दिखाया दम

- रंगारंग कार्यक्रमों में दी प्रस्तुति
- एसडीएम ने कार्यक्रमों का जायजा लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश, सीएम नायब सिंह होंगे मुख्यअतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** राहगीरी कार्यक्रम के लिए रिहर्सल करते स्कूली छात्र।

14 को अंबाला शहर के हर्बल पार्क के नजदीक आयोजित होने वाली राहगीरी कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल के पास शुक्रवार को रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों खूब पसीना बहाया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, सीईओ जिला परिषद् नवीन आहुजा, डीएसपी रमेश कुमार, डीएसपी रजत गुलिया भी मौजूद रहे। एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि उपायुक्त डॉ. शालीन के मार्गदर्शन में राहगीरी कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उपायुक्त ने पहले ही बैठक लेकर कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 14 को आयोजित होने वाले राहगीरी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगें। इस मौके पर उनके साथ परिवहन, महिला, बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। राहगीरी कार्यक्रम सामाजिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर इसकी भव्यता को बढाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। मुख्यअतिथि झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे। कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एमएसएमई, ट्रैफिक पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।



**मुलाना।** अवार्ड लेते हुए स्कूल प्रिंसिपल।

## होली के सरकारी स्कूल को मिला बेस्ट एसएमसी अवार्ड स्कूल के विकास के लिए 20 लाख का फंड जुटाया

**मुलाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली को इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट में बेस्ट एसएमसी का जिला स्तरीय अवार्ड मिला है । यह अवार्ड स्वयं शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने स्कूल प्रिंसिपल प्रीतपाल सिंह को सौंपा है। खंड में केवल होली एसएमसी को ही इस अवार्ड से नवाजा गया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली की एसएमसी और स्कूल प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से स्कूल में 20 लाख रुपये से अधिक की लागत के कार्य करवाए गए हैं। इसमें स्कूल को विभाग व सरकार की तरफ से किसी प्रकार का फंड शामिल नहीं है। ऐसा कर स्कूल प्रबंधन व एसएमसी ने मिसाल पेश की है। स्कूल प्रिंसिपल प्रीतपाल सिंह ने बताया कि स्कूल में ओपन जिम, स्कूल मंच , स्टाफ वॉशरूम , स्टाफ रूम , स्कूल में रंग रोगन, सोलर लाइटें, एक हाल सहित खेल मैदान को दुरुस्त करने सहित अन्य कार्य भी किए गए हैं। इनकी लागत 20 लाख से भी अधिक है। इसमें एसएमसी प्रधान लखविंद्र सिंह , होली ग्राम पंचायत , स्कूल प्रबंधन सहित समाज सेवियों का विशेष सहयोग रहा है।

### सफाई कर्मचारियों ने काले झंडे और उल्टे झाड़ू लेकर बाजारों में किया रोष प्रदर्शन

# नगरपालिका कर्मचारी संघ की मांगों को जल्द करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर अंबाला शहर नगर निगम कार्यालय में इकाई प्रधान शंकर कुमार की अध्यक्षता में सफाई कर्मचारियों ने काले झंडे ओर उल्टे झाड़ू लेकर शहर के विभिन्न बाजारों में रोष प्रदर्शन किया। रोष प्रदर्शन में सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह रोष प्रदर्शन नगर निगम से आरंभ होकर जगाधरी गेट पुली, पटेल रोड, सर्राफा बाजार, तंदुरा बाजार, कुम्हार मोहल्ला, पुराना सिविल अस्पताल चौक से होते हुए वापिस नगर निगम कार्यालय पहुंचने पर 311 एप की प्रांतियां जला रोष जताया गया। प्रधान शंकर पाम्मा की अध्यक्षता में नगर निगम कमिश्नर को अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी स्थानीय निकाय विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रधान शंकर पम्मा ने कहा कि सरकार द्वारा 27 जुलाई 2023 को नो-वर्क-नो पे का पत्र जारी किया गया था। 31 मई 2024 को सफाई मित्र इन स्वच्छतम पोर्टल का पत्र जारी किया गया। इन पत्रों से मालूम होता है कि सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से उत्पीड़ति करने के लिए यह पत्र जारी किया गया है। क्योंकि अन्य किसी भी सरकारी, अर्धसरकारी, निगम, बोर्ड, कॉपरेशनद्वारा इस तरह का कोई भी पत्र जारी नही किया गया है। शंकर पाम्मा ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ मांग करता है कि कर्मचारी विरोधी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के पत्रों को सरकार तुरंत प्रभाव से वापिस लें। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम में छटंनी किए गए 3480 कर्मचारियों को बहाल करवाने व मुख्य सचिव द्वारा जारी 30 जून 2022 की अधिसूचना के अनुसार हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करवाने की मांग को लेकर आंदोलन किया गया ओर आंदोलन के दौरान 26 सफाई कर्मचारी नेताओं को नौकरी से बरखास्त कर दिया गया जोकि अभी तक उनको बहाल नही किया गया। सरकार का यह रवैया भी सफाई कर्मचारी विरोधी व दलित विरोधी है। शंकर ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ मांग करता है कि 26 सफाई कर्मचारी नेताओं को बहाल किया जाए ओर 3480 सफाई कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए, इसके साथ ही हड़ताल में शामिल सभी कर्मचारियों को वेतन दिया जाए इसके इलावा जो चार्जशीट, झूठे मुकद्दमे व उत्पीड़न की कार्रवाई को वापिस लिया जाए। शंकर पाम्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार की घोषणा के अनुसार सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम की तर्ज पर अलग से पोर्टल बनाया जा रहा है, जिसमें 13000 रुपए वेतन देने की खबर है, इसके अतिरिक्त अभी हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा सफाई कर्मचारियों को वेतन 16 हजार 900 रुपए से 17 हजार रुपए वेतन बढ़ाने की घोषणा की गई है। जो नाकाफी है।